## सार-समाचार

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सुंडा करनाल के प्रभारी बने

**झुंझुनूं,** (निसं)। कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सुंडा को एक बार फिर एआईसीसी ने बडी जिम्मेदारी देते हुए हरियाणा के करनाल विधानसभा प्रभारी बनाते हुए उन्हें एआईसीसी की ओर से एसेंबली कॉर्डिनेटर बनाया गया है। एआईसीसी के नेशनल वॉर रूम के चेयरमैन शशिकांत सेंथिल ने उन्हें यह जिम्मेदारी देते हुए तुरंत करनाल विधानसभा में अपनी टीम के साथ कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करने और कांग्रेस के पक्ष में पूरे हरियाणा में माहौल बनाने का जिम्मा सौंपा है। इससे पहले भी एआईसीसी की ओर से सुंडा को कई बार कई महत्वपूर्ण जगहों पर जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसे एक सर्वश्रेष्ठ संगठक के तौर पर सुंडा ने निभाया है। इस जिम्मेदारी पर उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, पीसीसी चीफ गोविंद डोटासरा समेत अन्य सभी कांग्रेस नेताओं का आभार जताते हुए विश्वास दिलाया है कि करनाल की सीट कांग्रेस को जिताने में वे जी-जान लगा देंगे। सुंडा ने बताया कि वे जल्द ही अपनी पूरी टीम के साथ करनाल रवाना होंगे। जहां पर वे कैंप करके डोर टू डोर कैंपेन करेंगे। इसके अलावा करनाल के साथ लगते हुए अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी प्रचार करने पर ध्यान देंगे। ताकि कांग्रेस एक तरफा बहुमत के साथ चुनाव जीते।

### समता सैनिक दल की बैठक

**झुंझुनूं,** (निसं)। रविवार को डॉ. अंबेडकर पार्क झुंझुनूं मे समता सैनिक दल की बैठक का आयोजन रामानंद आर्य की अध्यक्षता मे हुई। कोर कमेटी सदस्य बीएल बौद्ध ने बताया कि आगामी 22 सितंबर रविवार को सुबह नौ बजे 100 वर्दीधारी भीम सैनिक बाबा साहेब को सामूहिक रूप से सैल्यूट करेंगे। डॉ. अंबेडकर भवन और डॉ. अंबेडकर पार्क तक पथ संचलन करेंगे। पथ संचलन के बाद सभी सामाजिक संगठन के जिलाध्यक्ष शताब्दी वर्ष के अवसर पर मंच के माध्यम से बधाई एवं शुभकामनाएं देंगे। इसके अलावा समाज के उन होनहारों को भी सम्मानित किया जाएगा। जिनके धरातल पर किए गए कार्यों से समाज को गर्व महसूस हुआ है। साथ ही कंट्रोल रूम की स्थापना भी की जाएगी। जिम्मेदार साथियों को कार्यक्रम सफल बनाने के लिए जिम्मेदारी दी गई। पोस्टर विमोचन किया गया। इस अवसर पर धर्मपाल शीला झुंझुनूं, कैलाशदास महाराज सारी, नवीन माहिच ओजटू, महावीरप्रसाद, प्रभुदयाल बड़ागांव, सुरेंद्र कटारिया, मदनलाल बौद्ध, मनोज कुमार, प्यारासिंह, रोशनलाल, सुभाषचंद्र मारिगसर, जितेंद्र कुमार गर्वा, सीताराम बुडाना इत्यादि उपस्थित रहे।

### 'पौधारोपण के बाद संरक्षण भी जरूरी'

**चिड़ावा** (निसं)। टीम ग्रीन बाग द्वारा वसुधा पर्यावरण संरक्षण अभियान की निरंतरता बनाए रखते हुए शहर के सार्वजनिक स्थानों को हरा भरा बनाने की प्रतिबद्धता के क्रम में शहर के कबूतरखाना चौराहे पर स्थित पार्क में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर पार्क में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए जाकर उनके संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। टीम के सदस्यों द्वारा आमजन से अपील की गई कि हमें पृथ्वी पर ऋतु चक्र का संतुलन एवं पर्यावरण की शुद्धता बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करना चाहिए और पौधे का पेड़ बनने तक उसका संरक्षण भी करना चाहिए। कार्यक्रम में टीम के सदस्य रामजीलाल बिंवाल, रविकांत मारवाल, हरिकिशन वर्मा, संजय वर्मा, सत्यप्रकाश, सतीश वर्मा, सत्यनारायण वर्मा, देवेंद्र वर्मा, सुनील शर्मा, नितिन शर्मा, ज्ञानप्रकाश वर्मा, संदीप जलिंद्रा, संदीप गिरधर, कृष्ण कुमार गुप्ता, बनवारी लाल, बृजेश, कनिष्क, प्रजुषा व रक्षिता ने भाग लिया और पौधारोपण किया।

### 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष में महासदस्यता सम्मेलन होगा'

**झुंझुनूं,** (निसं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष में जिला मुख्यालय स्थित गांधी चौक रामलीला मैदान में 17 सितंबर मंगलवार को सुबह 10 बजे युवा शक्ति महा सदस्यता सम्मेलन होगा। कार्यक्रम आयोजक एवं प्रभारी भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पूनियां ने बताया कि मंगलवार को सुबह 10 बजे मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष में युवा शक्ति महा सदस्यता सम्मेलन कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम में झुंझुनूं प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, सहित पार्टी के जिला पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। विश्वंभर पूनियां ने बताया कि कार्यक्रम में हजारों युवा प्रधानमंत्री मोदी के सपनों का देश बनाने के लिए कृत संकल्प होकर सदस्यता ग्रहण करेंगे। भाजपा सदस्यता अभियान के जिला संयोजक सरजीत चौधरी ने अधिक से अधिक युवाओं से कार्यक्रम में पहुंचने का आग्रह किया।

### 97 बच्चों को रजाई वितरित

**चिड़ावा** (निसं)। सर्दी का मौसम आने वाला है। खुले इलाकों में सर्दी का थोड़ा असर सुबह सुबह नजर भी आ रहा है। ऐसे में एक भामाशाह के माध्यम से जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा से जोडने रही अनीता दीदी की सरला पाठशाला में आज जरूरतमंद बच्चों को रिजाई वितरण किया गया। भामाशाह दीपक कुमार की ओर से पाठशाला में आखर ज्ञान ले रहे 97 बच्चों को रजाई का वितरण किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयनारायण सिंह ने इस नेक कार्य की प्रशंसा करते हुए अन्य भामाशाहों से भी जरूरतमंद की मदद करने का आ ान किया। उन्होंने कहा की नेक कार्य में लगाए गए रुपयों का बहुत अच्छा फल मिलता है। विशिष्ट अतिथि बीएसओ रणसिंह और श्रवण भालोठिया ने भी विचार व्यक्त किए। मंच संचालन कवि नगेन्द्र शास्त्री निकुंज ने किया। अनिता विकास पूनिया ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान गीता देवी, पुलकित, शेखर यादव, दलीप कुमार, कोली, रविन्द्र, सुमित, चिंटू पूनिया, कैप्टन रघुवीर सिंह, राजबाला, अंकिता पूनिया, लक्ष्मी देवी, हेमांक शर्मा आदि मौजूद रहे।

### हिंदुस्तान स्काउट गाइड की बैठक संपन्न

**झुंझुनूं,** (निसं)। हिंदुस्तान स्काउट गाइड बीकानेर संभाग की बैठक हिंदुस्तान स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनूं पर सहायक राज्य संगठन आयुक्त साहिल यादव उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता हिंदुस्तान स्काउट गाइड जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार जानूं ने की। बैठक का संचालन जिला ऑर्गेनाइजर गंगानगर संदीप मांजू ने की। बैठक में बीकानेर संभाग में स्काउटिंग की गतिविधियों को बढ़ाने को लेकर योजना बनाई गई एवं पूर्व के कार्यों की समीक्षा की। सहायक राज्य संगठन आयुक्त साहिल यादव ने बताया हिंदुस्तान स्काउट गाइड लगातार भारतीय परम्पराओं को आगे बढ़ाते हुए स्काउटिंग की गतिविधियों आगे बढा रहा है। जिलाध्यक्ष जानूं ने कहा कि आने वाले समय में झुंझुनूं जिला पूरे राजस्थान में एक नए आयाम स्थापित करेगा। बैठक में पधारे हुए लोगों का जिला ऑर्गेनाइजर प्रदीप ईशरवाल नें आभार व्यक्त किया। बैठक में दीपक यादव, मीनू रानी, पारस, जिला प्रशिक्षण आयुक्त दिनेश मील, जिला उपाध्यक्ष अरुण कस्वां, सत्यवीर पूनियां, सिमरन कुमावत, खुशबू, आशीष, नीरज कुमार आदि मौजूद थे।

### डॉ. रत्नप्पा कुम्भार की जयंती मनाई

**झुंझुनूं,** (निसं)। रविवार को राष्ट्रीय कुम्हार महासभा द्वारा प्रजापति गेस्ट हाउस जेके मोदी स्कूल के पास महान स्वतंत्रता सैनानी एवं संविधान सभा के सक्रिय सदस्य डॉ. रत्नप्पा कुम्भार को पुष्प अर्पित कर जयंती बनाई गई। इस मौके पर योगेंद्र कुंडलवाल ने बताया कि डॉ. भीमराव अंबेडकर के साथ भारत के संविधान के अंतिम मसौदे पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्तियों में से एक थे। प्रदेश युवा सचिव एवं पार्षद अशोक प्रजापति ने बताया कि 1985 में उन्हें सामाजिक कार्यों के लिए पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया गया। कोल्हापुर और हटकानांगल तहसील की औद्योगिक और कृषि समृद्धि लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस मौके पर सुशील प्रजापति, पार्षद प्रतिनिधि कैलाश कुमावत, अशोक कुमावत, मनोज कुमावत, पिंटू कुमावत, हरि कुमावत उप प्राचार्य, सोनू कुमावत, प्रकाश मिस्त्री, दामोदर कुंडलवाल, महेंद्र सिरसवा आदि समाज के युवा उपस्थित रहे।

### अति. संभागीय आयुक्त कलेक्टर से मिले

**झुंझुनूं,** (निसं)। जयपुर के अतिरिक्त संभागीय आयुक्त व सीनियर आरएएस डॉ. प्रवीण कुमार मील ने झुंझुनूं के नव पदस्थापित जिला कलेक्टर रामावातर मीणा से मुलाकात की और उनको साफा व गुलदस्ता भेंट कर उन्हें जिले में पदस्थापित होने पर बधाई दी। आपको बता दें कि सीनियर आरएएस डॉ. प्रवीण झुंझुनूं जिले के भोजासर गांव के मूल निवासी हैं तथा राजस्थान प्रशासनिक सेवा संगठन के पूर्व महासचिव है

# क्षेत्र के ऐतिहासिक बाबा सुंदर दास के लक्खी मेले का शुभारंभ

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतडी क्षेत्र के गाडराटा में बाबा सुंदर दास का ऐतिहासिक लक्खीमेला शुरू हो गया। बाबा सुंदर दास के मंदिर में जोत के अर्पण होते ही पहले दिनमेलेका शुभारंभ किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिर में धोक लगाई।

इस मेले में राजस्थान व हरियाणा यूपी तक के श्रद्धालु पहुंचते हैं। बाबा के भगत जगत सिंह ने बताया करीब पांच सौ साल से बाबा सुंदर दास महाराज के मंदिर से लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। बाबा के बारे में मान्यता है कि बाबा के दरबार में हर मनोकामना यहां पूर्ण होती है। मुख्य रूप से सर्पदंश या पशुओं को होने वाली बिमारिया से बचाते हैं। आसपास के ग्रामीण जब पशु द्वारा बच्चे को जन्म देने पर पहला दुध व दही मंदिर में के चढ़ाया जाता है तथा उनको बांधने की बेल (साकल) या फिर रस्सा मंदिर में लेकर आते हैं, वहीं उनकी धोक लगाते हैं। उन्होंने बताया यहमेलाभाद्रपद की एकादशी से शुरू होकर पूर्णमासी तक भरता है, जिसमें लोग जात जडूले उतरवाने के लिए आते हैं। पांच दिन तक भरने वालेमेलेमैं मुख्य रूप से पहले तीन दिन काफी संख्या में श्रद्धालु बाबा के मंदिर पहुंचते हैं।

मेलेकी व्यवस्थाओं को लेकरमेलाकमेटी व प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।सुंदरदाससेवा समिति के अध्यक्ष विजयपाल सिंह ने बतायामेलेके लिए साफ सफाई करवा करमेलेमें दुकाने लग चुकी है। दुकानों के लिए 8 फीट की जगह आवंटित की गई है। सड़क से दोनों तरफ 20 फुट चौड़ा रखा गया है तथामेलेकी व्यवस्था के लिए सौ वालंटियर बनाए गए हैं तथा बाउंसर भी मंदिर परिसर में तैनात किए गए हैं।मेलेमें निगरानी रखने के लिए 80 सीसीटीवी कैमरे की भी लगाए गए हैं तथा एक कंट्रोल रूम स्थापित कर पूरेमेलेकी मॉनिटरिंग की जा रही है। मंदिर में श्रद्धालु आराम से बाबा के दर्शन कर सकें, इसके लिए बैरिकेडिंग भी लगाई गई है। यातायात व पार्किंग के लिए भी अलग से व्यवस्था की गई है। मेला समिति की तरफ से पानी के टैंकरों की व्यवस्था की गई है तथा साफ सफाई के लिए कचरा गाड़ियां भी लगाई गई है। इसके अलावामेलेकी ड्रोन से निगरानी रहेगी तथा वन विभाग से सर्च लाइट भी मंगवाई गई है उससे भीमेलेमें पहाड़ी क्षेत्रों की निगरानी की जाएगी। पुलिस की तरफ से भी करीब सैकड़ों पुलिसकर्मियों लगाए गए हैं। चिकित्सा व्यवस्था बनाने के लिए मेडिकल स्टॉफ व दो एंबुलेंस भी तैनात की गई हैं।

खेतड़ी क्षेत्र के गाडराटा में बाबा सुंदर दास का ऐतिहासिक लक्खी मेला शुरू हो गया।

### श्री ठाकुर जी की झांकियां निकाली

**रतनगढ़** (निसं)। जलझूलनी एकादशी के पावन पर्व पर श्री ताल बालाजी मंदिर के प्रांगण में नगर के अनेक मंदिरों द्वारा भगवान की झांकियां निकाली गई। इस मौके पर श्री गनेड़ीवाला रामचंद्र मंदिर, गोपीनाथ जी मंदिर, मठाधीश शिवालय, सुनारों का मंदिर, सैन जी महाराज मंदिर, वीरा के मंदिर से श्री ठाकुर जी की झांकी शहर के मुख्य मार्गों से राम नाम संकीर्तन व गोपाल नाम संकीर्तन करती हुई तालबालाजी मंदिर प्रांगण में पहुंची। वहां पर भगवान की सामूहिक आरती, वंदन और पूजन किया गया। झांकी में जगह-जगह भक्तों और दर्शनार्थियों ने पुष्प, प्रसाद व दक्षिणा चढ़ाकर तथा झांकियों के फेरी लगाकर नगर भ्रमण पर निकले भगवान की पूजा अर्चना की। स्थानीय मेहंदीपुर बालाजी मंदिर पुजारी परिवार द्वारा सभी झांकियों तथा झांकी के साथ आए मुख्य पुजारीयों का स्वागत दुपट्टा पहनाकर किया। इस मौके पर ताल वाले बालाजी मन्दिर पुजारी परिवार ने सभी आगंतुक धर्म श्रद्धालुओं का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

# खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल से गोल्ड, सिल्वर, ब्रॉन्ज मैडल जीते

**झुंझुनूं,** (निसं)। जिला मुख्यालय के बाकरा रोड स्थित स्टार एकेडमी स्कूल ने 68वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए अंडर 17 व अंडर 19 वर्षीय बालक-बालिका वर्ग में गोल्ड, सिल्वर मैडल और ब्रॉन्ज मैडल अपने नाम किए।

ताइक्वांडो कोच धर्मवीर मीणा ने बताया कि 17 वर्षीय जिला स्तरीय ताइक्वांडो बालक वर्ग में विद्यालयी खिलाड़ी मंयक मीणा गोल्ड मैडल विजेता रहा। इसके साथ ही खिलाड़ी मंयक मीणा का ताइक्वांडो में राज्य स्तरीय चयन भी हुआ है। सेपकटकरा कोच पलक कुलहरि ने बताया कि जिला स्तरीय अंडर 17 वर्षीय खेल सेपकटकरा में बालिकाओं की टीम ने सिल्वर मैडल जीत जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं इसी खेल में 19 वर्षीय बालक-बालिका दोनों वर्गों में टीमों ने ब्रॉन्ज मैडल जीत कर जिला स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया। मैडल जीतने के साथ-साथ खिलाड़ी खुशी तेतरवाल, अंशु, हृदयांश, भविष्य का स्टेट कैंप में चयन हुआ है। खिलाड़ियों द्वारा उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के साथ मैडल जीतने पर विद्यालय प्रबंधन पदाधिकारियों द्वारा कोच व खिलाड़ियों को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर बधाई दी गई।

एकेडमिक डायरेक्टर मोनिका निर्वाण ने अपने संबोधन में जीवन में खेलों के महत्त्व को बताया कि विद्यालय कोचेज के कठोर श्रम की प्रशंसा करते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संपूर्ण विद्यालय परिवार मैडल जीतने पर प्रसन्नता में सराबोर नजर आया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन पदाधिकारियों के साथ एकेडमी एडमिनिस्ट्रेटर विकास भालोठिया, कैप्टन मूलचंद झाझड़िया, हरिशचंद्र कालोईया, संजय जांगिड़, यशस्वी शर्मा, अशोक कुमार सैनी, मुकेश कुमार, अशोक कुमार सैनी, मुनेश कुमार, जगदीश प्रसाद, विक्रम सिंह, पूनम तंवर, महेंद्र सिंह सिहाग, संजय गर्वा, विकास कुमार, सुशील कुमार, सरोज चौधरी, वनिता बलवादा, लक्ष्मीकांत शर्मा, अनूप कुमार, शंकरलाल बाकोलिया, कपिल जांगिड़, प्रवीण कुमार शर्मा, सोमेंद्र सिंह राठौड़, नवीन सैनी, पूजा कुमावत, महिमा शर्मा, कविता पूनियां, नीतू जानूं, सोहन सिंह, नेकीराम, निशा शर्मा, सैनीगल, पपिता कुलहरि, कर्म सिंह, महेश कुमार शर्मा, मिनाक्षी सोनी, सरोज पचार, पंकज कुमार, मुकेश कुमारी, विनोद कुमार, रिंकू चौधरी, पिंकी जांगिड़, सविता सैनी, सुमन बाई, धर्मवीर मीणा, रोहित कुमार यादव, सूरज, प्रवीर पात्रा, प्रहलाद सिंह सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का अभिनंदन किया

**चूरू** (निसं)। रविवार को चूरू सीमा पर बीरमसर टोल नाके पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के श्रीडुंगरगढ़ जाते समय अल्प प्रवास के दौरान प्रदेश सचिव मुस्ताक खान के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रामनिवास सहारण, पीसीसी सचिव रामजीलाल शर्मा, चूरू प्रभारी दिनेश कस्वां, यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव महेश ढूकिया, पूर्व लोहिया कॉलेज महासचिव पुलकित चौधरी, युवा नेता गुलजार खान व छात्र नेता आदिल गौरी ने माल्यार्पण कर, साफा पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर डोटासरा का स्वागत किया।

इस अवसर पर डोटासरा ने कहा कि ये केवल पंचायती राज और नगर निकाय के जन प्रतिनिधि चुनकर पदों पर बैठ कर काम करते हैं, उनको प्रशासक लगाकर ब्यूरोक्रेसी से सरकारी अधिकारियों के माध्यम से सरकार चलाना चाहते हैं। वह गुजरात मॉडल इनका यही है। राजस्थान में इन्होंने यही मॉडल चला रखा है।

आज न तो मुख्यमंत्री की चल रही है, न मंत्री की, विधायक, प्रधान, जिला प्रमुख, चेयरमैन और न ही कोई मेयर की चल रही है। पूरी ब्यूरोक्रेसी हावी है, जो मर्जी आए वो करें। मंत्री ढ़ाई महीने से इस्तीफा जेब में डाले घुम रहे हैं। मुख्यमंत्री दो बार प्रधानमंत्री, अमित शाह और गडकरी से मिलकर आ गए, परंतु किरोड़ीलाल के बारे में कोई फैसला नहीं ले पा रहे हैं। इस अवसर पर सोयल, समीर, वसीम, प्रदीप, संजय, इरफान, जुनैद, फैसल, आरिफ, अफजल,धर्मपाल न्योल, आसिफ भलीम, अनिल हुड्डा,इमरान इसेखानी, अबरार, संदीप मेघवाल, राहुल मुहाल, विजय मुहाल, भवानी सिंह राठौड़, ताराचंद मेघवाल, महेश मेघवाल, आशीष मुहाल, विक्रम ढुकिया, राजेश ढूकिया, महेश मेहरा, मोहनलाल ढूकिया, शैलेंद्र ढुकिया, जावेद खान, तैयुब खान, वीरेंद्र सिंह राठौड़, नितिन मेघवाल, परवीन मेघवाल, सचिन मीणा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। गोविंद सिंह डोटासरा ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**चूरू** (निसं)। निकटवर्ती ग्राम झारिया में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मेघवाल मोहल्ला में रविवार को शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित 68वीं जिला स्तरीय 14 वर्षीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ समारोह पूर्वक हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हरलाल सहारण थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महावीर मेघवाल ने की। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रधान दीपचंद राहड़, भाजपा नेता विक्रम कोटवाद, एसीबीईओ खालिद अली तुगलक, संपत सिंह राठौड़, चेतराम सहारण, विजय कस्वां, शारीरिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रामसिंह सिहाग, जय किशन स्वामी, इलियास खान व खुमाराम थे। इस अवसर पर आगंतुक अतिथियों ने फीता काटकर, ध्वजारोहण कर व मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया।

# झुंझुनूं में गौड़ ब्राह्मण समाज की विभूतियों का सम्मान किया

**झुंझुनूं,** (निसं)। शहर के चूणा चौक स्थित पुरोहितों की बगीची में रविवार को गौड़ ब्राह्मण महासभा झुंझुनूं इकाई के जिलाध्यक्ष सीताराम शर्मा के सानिध्य में आयोजित समारोह में समाज की विभूतियों का सम्मान किया गया।

समारोह में गौड़ ब्राह्मण महासभा के प्रदेश प्रमुख महामंत्री रामस्वरूप जोशी, युवा प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट पंकज पचलंगिया, जयपुर शहर अध्यक्ष नरेंद्र महर्षि का गौड़ ब्राह्मण महासभा की झुंझुनूं इकाई द्वारा माला, साफा, अंग वस्त्र पहनाकर, प्रतीक चिह्न देकर सम्मान व अभिनंदन किया गया। समाज के प्रदेश मंत्री उमाशंकर महमिया ने बताया कि समारोह में नारी शिक्षा और समाज उत्थान के लिए विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष स्वर्गीय डॉ. दयाशंकर बावलिया की पुण्यतिथि पर व पत्रकार उमेश शर्मा के आकस्मिक निधन पर उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर संरक्षक कांतिप्रसाद ढंढ, प्रदीप शर्मा अलसीसर, पवन पुजारी, संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया, ललित जोशी, महेश बसावतिया, एडवोकेट सुशील जोशी, डब्ल्यू शर्मा, पूनम शर्मा, ममता शर्मा, सीता जोशी, राजेंद्र शर्मा झेरलीवाले, राकेश सहल, योगेश चौमाल, गोपी पुरोहित, एडवोकेट कमल पांडे, प्रकाश शर्मा, रविप्रकाश शुक्ला, एडवोकेट पंकज बावलिया, पंडित मुकेश महमिया, पंडित हरिकिशन शुक्ला, पंडित सोनू पुजारी, अनिल जोशी, एडवोकेट अनुपम शर्मा, अमित जोशी, रामचंद्र जोशी, अंकित जोशी, विजयशंकर जोशी, अनिल मिश्रा, जितेंद्र खाजपुरिया, रविकांत चौमाल, पंडित पुनीत पुरोहित, पवन हिसारिया, पवन शर्मा टाइपिस्ट, आशुतोष जोशी, लव जोशी, अमित शर्मा, पुरुषोत्तम चौरासिया, राजेश महमिया, सौरभ जोशी, सौरभ पुरोहित, अंकित हिसारिया, मनोज व्यास, अरुण व्यास, सुरेश चौमाल, ललित मंडावावाले, अनिल सहल, विक्की चौमाल, रमेश चौमाल, अमित पांडे, नरेंद्र शर्मा, रामचंद्र पाटोदा, ओमप्रकाश कौशिक सहित अनेक लोग मौजूद थे।

शहर में गौड़ ब्राह्मण महासभा झुंझुनूं इकाई के जिलाध्यक्ष सीताराम शर्मा के सानिध्य में आयोजित समारोह में समाज की विभूतियों का सम्मान किया गया।

## सार-समाचार

### अंडर-14 छात्र वर्ग में झुंझुनूं एकेडमी के मुकुल चौधरी ने गोल्ड मैडल जीता

**झुंझुनूं,** (निसं)। झुंझुनूं एकेडमी सीबीएसई के होनहार बेहतरीन परीक्षा परिणाम देने के साथ-साथ स्पोर्ट्स में भी कीर्तिमानों की झड़ी लगा रहे हैं। आज एक और बड़ी उपलब्धि अर्जित कर झुंझुनूं एकेडमी ने स्पोर्ट्स में कीर्तिमान रचा है। जानकारी देते हुए कोच अमित कुमार ने बताया कि प्रिंस इंटरनेशन स्कूल रीको में आयोजित 68वीं जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में अंडर-14 छात्र वर्ग में मुकुल चौधरी पुत्र रत्ना चौधरी एवं रघुवीर सिंह ने इस प्रतियोगिता में संपूर्ण झुंझुनूं जिले में इंडिया राउंड में गोल्ड मैडल जीत कर बहुत बड़ा कीर्तिमान रचा है। साथ ही इस छात्र का चयन राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जो इस छोटी सी उम्र में बहुत बड़ी उपलब्धि है। स्कूल डायरेक्टर आकाश मोदी ने विजेता छात्र को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुकुल चौधरी ने पढ़ाई के साथ-साथ स्पोर्ट्स में भी कीर्तिमान रचकर स्कूल व अपने माता-पिता तथा परिवार का नाम रोशन किया है। झुंझुनूं एकेडमी में उपलब्ध सभी प्रकार के अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्पोर्ट्स संसाधन व बेहतरीन प्रशिक्षकों की वजह से यहां के छात्र-छात्राएं हर वर्ग के खेलों में जीत रहे हैं। यह सब के लिए गर्व एवं गौरव का विषय है। इस अवसर पर झुंझुनूं एकेडमी चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी, मैनेजिंग डायरेक्टर नीरजा मोदी, स्कूल डायरेक्टर आकाश मोदी व गरिमा मोदी, छात्रावास निदेशक कुरड़ाराम धींवा, स्कूल प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा, उप प्राचार्या सरोज सिंह, हैडमिस्ट्रेस उमा शर्मा, एडमिशन डायरेक्टर श्यामसुंदर शर्मा, प्रशासक कमलेश कुलहरि, हैड कोच अमित कुमार तथा कोच राजेश शर्मा, विशाल कुमार, अकबर, राजेश कुमार, अजय कुमार, ऋतिक ने विजेता छात्र मुकुल को बधाइयां एवं शुभकामनाएं प्रेषित की एवं उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### शिविर में 335 लोग लाभान्वित

**झुंझुनूं,** (निसं)। महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय रमेशचंद्र अग्रवाल की पुण्य स्मृति पर उनको पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। लहर फाउंडेशन जयपुर व उनके परिवार द्वारा नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन टीबड़ा आई हॉस्पिटल टीम द्वारा लावरेश्वर महादेव मंदिर में किया गया। शिविर में 335 लोगों की आंखों की जांच कर 125 चश्में वितरित किए। साथ ही डॉक्टर के परामर्श अनुसार दवाइयां वितरण की गई। वहीं 24 मोतियाबिंद के रोगियों को चयनित किया गया। जिनके ऑपरेशन सोमवार व बुधवार को करवाए जाएंगे। कार्यक्रम में संस्था संरक्षक डॉ. एसएन शुक्ला, डॉ. उम्मेदसिंह शेखावत, डॉ. नरेंद्रसिंह नरूका, चेयरमैन राजेंद्र प्रसाद जोशी, विवेक शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, पंकज जालान, अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, पवनकुमार खेतान, रामाकांत हलवाई, बिहारीलाल सैनी, देवेंद्र कुमार गौड़, विजय कुमार तुलस्यान, कैलाशचंद्र अग्रवाल, शिवप्रसाद महर्षि, सुरेश पंसारी, भरत तुलस्यान, झाबरमल, अशोक शर्मा, रामगोपाल शर्मा, रमेशचंद्र अग्रवाल, दशरथसिंह, हरिप्रसाद जांगिड़, सुरेश हलवाई, अकराज कुरैशी, इकबाल सिद्दकी, अजय व्यास, सुभाष जोशी, अनुपम शर्मा, जयप्रकाश हलवाई, प्रदीप शुक्ला, सुमेर सिंह कर्णावत, सुरेंद्र सिंह अध्यापक, दशरथ सिंह, लाला टेलर, महेंद्र सिंह राठौड़, राजदीप महर्षि व काफी संख्या में गणमान्य जन एवं वीर-वीराएं उपस्थित रहे।

### विकास कार्यों का उद्घघाटन

**तारानगर** (निसं)। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने रविवार को तारानगर क्षेत्र के गाँव चंगोई (मिखाला) की महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के खेल मैदान में स्टेडियम निर्माण कार्य, खेल स्टेडियम के मुख्य द्वार, इंटरलॉक का आदि उद्घघाटन किया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राठौड़ ने उद्घघाटन समारोह में सम्बोधित करते हुए कहा कि यह स्टेडियम क्षेत्र के युवाओं के खेल कौशल को निखारने और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करेगा। मेरा मानना है कि खेलों को बढ़ावा देकर आने वाली पीढ़ी को एक बेहतर और सुनहरा भविष्य दिया जाए। यह स्टेडियम उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राठौड़ ने ग्राम पंचायत मिखाला चंगोई में घर घर पेयजल आपूर्ति योजना और तारानगर से चंगाई सड़क कार्य शीघ्र करवाने की घोषणा की इसके साथ ही वृक्ष मित्र खिंवाराम यादव को सम्मानित किया। उद्घघाटन कार्यक्रम के दौरान चाननमल अग्रवाल, केदार यादव, श्यामलाल अग्रवाल, दीपचंद बराला, भभुता सुथार, श्रवनसिंह भाटी, भरतराम यादव को प्रतीक चिन्ह, अभिनन्दन पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके रवि कुमार आर्य भाजपा नेता महावीर पूनियाँ, नेता राकेश जांगिड़, सरपंच रेणु कंवर, अजीत सिंह राठौड़, लीलाधर बागोरिया, विशाल शर्मा, राकेश शर्मा, संदीप सिंह राठौड़, सुरेन्द्र मेघवाल हरि इंदौरिया, तिलोक रैगर, वीर बहादुरसिंह राठौड़, तहसीलदार इमरान खान एसीबीईओ भागचंद सोलंकी मोहम्मद तैयब सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### साहित्यकारों को सम्मानित किया

**चूरू** (निसं)। हिंदी साहित्य संसद-चूरू की ओर से हिन्दी दिवस पर शनिवार शाम नगर श्री सभागार में साहित्यकार सम्मान समारोह व काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। डॉ. भवानी शंकर शर्मा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयपुर के लोकेश कुमार सिंह व साहिल थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उदयपुर के आशा पांडेय व आशा ओझा थी। इस अवसर पर अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया और इस दौरान चूरू के कवि स्व. प्रदीप शर्मा, स्व. भागीरथ प्रसाद मरदा व रामादेवी मरदा के चित्रों के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर तर्जनी सोनी और युक्ति सोनी ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में लोकेश कुमार सिंह, साहिल को रामादेवी भागीरथ प्रसाद मरदा साहित्य सम्मान व आशा पांडेय को प्रदीप शर्मा साहित्य सम्मान से सम्मानित किया गया। इस दौरान साहित्यकारों को सम्मान स्वरूप शॉल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति-पत्र,पदक व 11000 रुपए प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बनवारी लाल शर्मा खाम